02/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार वक्फ विधेयक 2025 आज लोकसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका मुसलमानों के धार्मिक व्यवहार से कोई लेना-देना नहीं है और यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से संबंधित है। श्री रिजिजू ने इस कानून को भविष्य की दृष्टि से उपयुक्त बताते हुए कहा कि यह पूर्वव्यापी नहीं है और इसका उद्देश्य किसी की संपत्ति जब्त करना नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि मौजूदा विधेयक के अनुसार वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर-मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के गौरव गोगोई ने सरकार पर इस विधेयक पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक संविधान के खिलाफ है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श के बाद कैबिनेट द्वारा अनुमोदित विधेयक लाया गया है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल ने आज मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का दायरा बढ़ाने और मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन बढ़ाने के अलावा 1200 मेगावाट की कालाई II जलविद्युत परियोजना के लिए 50% एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के अनुदान को मंजूरी देने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री की बाल सेवा योजना अब राज्य के सभी पंजीकृत अनाथ बच्चों को सहायता प्रदान करेगी। सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के एक ऐतिहासिक फैसले में, मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन राशि बढ़ाने को मंजूरी दी है। योजना के तहत वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन और विधवा पेंशन- के लिए पेंशन राशि में 300 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई है। इस बीच, मंत्रिमंडल ने कालाई II जलविद्युत परियोजना (1200 मेगावाट) के लिए इसकी वित्तीय व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए 50% तक एसजीएसटी प्रतिपूर्ति के अनुदान को मंजूरी दी।

0000000000000000000

लोअर सुबनसिरी के गार्जेन मिनिस्टर गेब्रियल डी. वांगसू द्वारा कल जीरो में समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए प्रशासन ने समस्या-समाधान की मानसिकता अपनाने और अभिनव समाधानों के माध्यम से प्रगति को आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। श्री वांगसू, जो ईस्ट कामेंग, पाक्के केसांग और लोअर सुबनसिरी जिले के गार्जेन मिनिस्टर भी हैं, उन्होंने जिले में समग्र गतिविधियों का मूल्यांकन करने के लिए लोअर सुबनसिरी में जिला विभाग के सभी प्रमुखों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान, उपायुक्त विवेक एच.पी. ने विभिन्न राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का विस्तृत मूल्यांकन प्रस्तुत किया। प्रस्तुति सशक्त अरुणाचल के प्रमुख विषयगत क्षेत्रों के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें सुंदर, समृद्ध, शिक्षित, स्वस्थ, सुरक्षित और स्वच्छ अरुणाचल शामिल हैं।

00000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश स्टेट काउंसिल फ़ॉर साईंस एण्ड टेक्नॉलोजी, डिपार्टमेंट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नॉलोजी के तत्वावधान में अरुणाचल प्रदेश साईंस सेंटर, आईजी पार्क, ईटानगर में कल से बच्चों के लिए समर साईंस कैंप की शुरूआत हुई। शिविर का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक ज्ञान का संचार करना है। शिविर में ओरिगेमी, एस्ट्रोनोमी, स्कील डेबलपमेंट, साईंस एक्टिविटिज और गैम्स शामिल है। जो बच्चों को खेल-खेल में शिक्षित करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। यह शिविर इस महीने की 23 तारीख तक चलेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के जूडोका खोमदान वांगहॉप ने हाल ही में उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित जूनियर नेशनल जूडो चैंपियनशिप 2024-25 में कांस्य पदक हासिल करके राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर अरुणाचल जूडो एसोसिएशन ने खोमदान वांगहॉप को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी है और उनकी कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की है। AJA ने कहा कि उनकी सफलता राज्य के महत्वाकांक्षी जूडोकाओं के लिए प्रेरणा है। जूडोका खोमदान वांगहॉप तिराप जिले के न्यू चांगन्याक गांव के रहने वाले हैं।

000000000000000000000

सेंट क्लैरेट कॉलेज, जीरो के एनएसएस सेल द्वारा कल ओल्ड जीरो के लेम्पिया गांव में एनएसएस विशेष शिविर के पहले चरण का सफलतापूर्वक समापन किया। तीन दिवसीय शिविर का आयोजन गत 28 से 30 मार्च तक किया गया जिसका उद्देश्य विभिन्न सामुदायिक सेवा और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में सामाजिक

जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। शिविर का एक प्रमुख आकर्षण एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत ‘लैंगिक समानता’पर एक नुक्कड़ नाटक था।

0000000000000000

पर्यावरण सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम पीसी-हब, अरुणाचल प्रदेश द्वारा कल ईटानगर के जोलांग स्थित डॉन बॉस्को कॉलेज, में स्वच्छता सह वृक्षारोपण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच पर्यावरण जागरूकता और स्थिरता को बढ़ावा देना था। सामाजिक प्रगति में स्वच्छ पर्यावरण और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजन चामुआ के नेतृत्व में ईआईएसीपी टीम ने छात्रों को सामाजिक और आर्थिक कल्याण के लिए स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया। उन्होंने इस पहल को मिशन लाइफ और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साथ संरेखित करने पर भी जोर दिया।

000000000000000000